

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप



अमितेष सपरिवार पहुंचे कुलेश्वर महादेव मंदिर

राजिम। पूर्व पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल शनिवार को कुलेश्वर महादेव के दरबार पहुंचे। सपरिवार पूजा अर्चना कर भोग प्रसादी ली। श्री शुक्ल रॉवड़ पहुंचकर स्व. तुलसी राम यादव के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री शुक्ल के साथ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. राजेन्द्र गुप्ता, पार्षद नरोत्तम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष गोविंद कहार, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

विधायक साहू भेंडरी एवं तरजूंगा में करेंगे शिरकत

फिंगेश्वर। 11 अक्टूबर को राजिम विधायक रोहित साहू फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी मे 10:30 पहुंचकर 11 बजे लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं पर 12:30 बजे ग्राम तरजुंगा में शारदीय नवरात्र पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे।



निधन

भागवती साहू

नवापारा-राजिम। बड़ी करेली के भागवती साहू उम्र 87 वर्ष का निधन हो गया। वे रमेश सोनसायटी सुरेश साहू की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।



मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं बनाकर सालिकराम ने क्षेत्र में बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

गरीबी से संघर्ष कर हासिल किया हुनर, अब प्रोत्साहन का इंतजार





कहते हैं कि हुनर किसी सुविधा का मोहताज नहीं होता, बस उसे अवसर और प्रोत्साहन की जरूरत होती है। कुछ ऐसी ही कहानी ग्राम लोहरसी के बस स्टैंड चौक में रहने वाले 33 वर्षीय युवा मूर्तिकार सालिक राम पटेल की है। आर्थिक कठिनाइयों के बीच वे अपनी मेहनत और कला से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर उन्होंने इस वर्ष मां दुर्गा की 15 प्रतिमाओं का निर्माण किया है। दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद उन्होंने वर्ष 2018 में मूर्तिकला के क्षेत्र में कदम रखा। मूर्ति निर्माण के प्रति उनकी रुचि धीरे-धीरे उनके जीवन का अहम हिस्सा बन गई। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने हुनर को निखारना जारी रखा और आज नवरात्र जैसे प्रमुख पर्व पर उनकी बनाई प्रतिमाएं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने के लिए तैयार हैं।

स्थानीय कलाकार को मिले प्रोत्साहन- स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए समाज का सहयोग बेहद जरूरी है। यदि लोग स्थानीय मूर्तिकारों से प्रतिमाएं बनवाएं और उनके काम को प्रोत्साहित करें, तो उन्हें आर्थिक संबल के साथ अपनी कला को आगे बढ़ाने का अवसर भी मिलेगा। सालिक राम पटेल जैसे मेहनतकश कलाकारों को उचित पहचान और ग्राहकों का साथ मिले, तो उनका हुनर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। मां दुर्गा की प्रतिमा बनवाने के इच्छुक श्रद्धालु ग्राम लोहरसी के बस स्टैंड चौक पहुंचकर उनसे संपर्क कर सकते हैं।

पर्व : लोककला, पारंपरिक व्यंजन और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत बनेगी आकर्षण का केंद्र

आज से दसकुंड महोत्सव की धूम, नौ दिवसीय वनदेवी यज्ञ की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)





छुरा विकासखंड अंतर्गत केडीआमा में शारदीय नवरात्रि पर 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दसकुंड महोत्सव एवं नौ दिवसीय वनदेवी यज्ञ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जामवंत दादा की तपोस्थली मानी जाने वाली रहस्यमयी गुफा, सिद्धेश्वरी वनदेवी माता मंदिर, सुरंग पानी और घटारानी मंदिर के आसपास का क्षेत्र इस आयोजन का प्रमुख केंद्र रहेगा। महोत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

दसकुंड विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककलाओं, खान-पान, जनश्रुतियों और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

नौ दिवसीय महोत्सव का प्रमुख आकर्षण नौ कुंडी वनदेवी यज्ञ होगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर माता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करेंगे। समिति द्वारा आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

100 किलो की विशाल अंगाकर रोटी बनेगी आकर्षण

महोत्सव में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की तैयारी की गई है। फरा, मुठिया, दूध फरा, चौसेला, चीला, अइरसा, गोटर्रा भजिया और खपुर्री रोटी जैसे पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पाककला को प्रदर्शित किया जाएगा।



विलुप्तप्राय लोककलाओं को मिलेगा मंच

दसकुंड महोत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया है। सुवा नृत्य, पंथी, राउत नाचा, कर्मा, गौरा-गौरी, जसगीत, पंडवानी, भरथरी, ढोला-मारू, भजन और रामायण मंडलियों जैसी पारंपरिक विधाओं को मंच देने की रूपरेखा बनाई गई है। इस पहल से स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के लोककलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पीढ़ियों से पारंपरिक कला-संस्कृति को जीवित रखने वाले कलाकारों को प्रोत्साहन देकर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

खैरझिट्टी मुक्तिधाम में हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सम्पूर्ण भारत वर्ष में चलाये जा रहे सेवा संकल्प सेतु अभियान के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान मे जिला गरियाबंद मंडल फिंगेश्वर बूथ क्र.15 खैरझिट्टी के मुक्तिधाम मे पीपल पेड़ पौधारोपण किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से देश विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 केवल सरकार का संकल्प नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों का सामूहिक संकल्प है आज युवा,महिलाएं, किसान, श्रमिक और समाज का प्रत्येक वर्ग राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सियाराम धुरव, भाजपा ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष दशरथ सिन्हा, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मिंजून साहू, पूर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकिशुन साहू, उमराव धुरव, ओमप्रकाश पटेल, चेतन साहू, लोमश साहू एवं मंडल के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

पेज 3 के शेष...

छात्रा को थप्पड़...

शिक्षक द्वारा माफी मांग लेने से विभागीय जांच और नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया समाप्त नहीं हो जाती। अब जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई किए जाने पर नजर है।

तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश- जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जांच समिति को निष्पक्ष जांच कर तीन दिनों के भीतर पूर्ण अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समिति में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजिम के प्राचार्य अजीत सिंह जाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धूमा की प्राचार्य वर्षा नेताम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेलटुकरी के प्राचार्य एम.एल. कंवर शामिल हैं।

शारीरिक दंड पर कानून में प्रतिबंध- शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 17 के तहत बच्चों को शारीरिक दंड देने और मानसिक उत्पीड़न करने पर प्रतिबंध है। इसके उल्लंघन की स्थिति में लागू सेवा नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे में जांच में आरोप प्रमाणित होने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठ रही है।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने भी की मामले की पड़ताल- मामले की गंभीरता को देखते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन की पर्यवेक्षक योगिता देवांगन और केस वर्कर राज सिदार भी जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। उन्होंने भी संबंधित पक्षों से जानकारी ली और घटना के संबंध में पड़ताल की। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के अनुसार, जांच में यह बात सामने आई है कि कक्षा तीसरी में पढ़ने वाली छात्रा के साथ शिक्षक ने मारपीट की थी।

कमी गूंजती थी...

रोजगारमूलक प्रशिक्षण शुरू करने की योजना बनाई गई है।

26 युवाओं ने दिखाई रुचि, 14 अभ्यर्थी नियमित- जुगाड़ कैंप में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अब तक करीब 26 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया है। इनमें से 14 युवक-युवतियां वहीं इंदागांव में 16 युवक नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। महिला अभ्यर्थी सरस्वती कश्यप भी पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटी हैं सरस्वती सहित अन्य अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि नियमित अभ्यास और सीआरपीएफ के जवानों से मिलने वाले मार्गदर्शन से उन्हें भर्ती प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण के जरिए वे अपनी शारीरिक क्षमता बढ़ाने और लिखित परीक्षा की तैयारी मजबूत करने में लगे हैं स्थानीय स्तर पर ऐसी सुविधा उपलब्ध होने से अभ्यर्थियों को अपने क्षेत्र में ही तैयारी करने का अवसर मिल रहा है। इससे समय और आवागमन की परेशानी कम होने के साथ अनुभवी जवानों से सीधे मार्गदर्शन भी मिल पा रहा है।

एक महीने के प्रशिक्षण से चयन की उम्मीद- सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार और चिरंजीव कुमार की मार्गदर्शन में जुगाड़ प्रशिक्षण कार्यक्रम में सब-इंस्पेक्टर रणजीत सिंह और संजय कुमार पांडेय तो वहीं अभिलाष लम्बा अभ्यर्थियों को शारीरिक अभ्यास तथा लिखित परीक्षा की तैयारी करा रहे हैं। प्रशिक्षण से जुड़े अधिकारियों को उम्मीद है कि मेहनत और नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप करीब पांच से छह अभ्यर्थी पुलिस भर्ती प्रक्रिया में सफलता हासिल कर सकते हैं हालांकि, अभ्यर्थियों का अंतिम चयन संबंधित भर्ती प्रक्रिया, पात्रता और निर्धारित मानकों के आधार पर ही होगा कंपनी कमांडर चिरंजीब कुमार और निरंजन कुमार ने क्षेत्र के युवक-युवतियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक अभ्यर्थी जुगाड़ कैंप पहुंचकर उनसे मुलाकात कर सकते हैं और प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नौकरी की तैयारी के साथ स्वरोजगार पर भी जोर- सीआरपीएफ की योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए तैयार करना भी है। इसके तहत मछली पालन, मुर्गी पालन, सिलाई, मधुमक्खी पालन और कंप्यूटर शिक्षा जैसे प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी की जा रही है इन प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार काम सीखने का अवसर देने की योजना है। इसका लाभ उन युवाओं को भी मिल सकता है, जो किसी कारणवश सरकारी नौकरी में चयनित नहीं हो पाते और अपने स्तर पर रोजगार शुरू करना चाहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रें में पशुपालन, मत्स्य पालन और अन्य छोटे व्यवसाय आजीविका के महत्वपूर्ण साधन बन सकते हैं। ऐसे में यदि युवाओं को प्रशिक्षण के साथ तकनीकी सहायता, जरूरी संसाधन और बाजार तक पहुंच उपलब्ध होती है, तो स्वरोजगार की संभावनाओं को और मजबूत किया जा सकता है।

शांति के साथ युवाओं को अवसर देना भी जरूरी- मैनपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्र में शांति और विकास को स्थायी बनाने के लिए युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसरों से जोड़ना महत्वपूर्ण है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ यदि स्थानीय नौजवानों को आगे बढ़ने के रास्ते मिलते हैं, तो इसका सकारात्मक असर परिवारों और पूरे समाज पर पड़ सकता है सीआरपीएफ की 211वीं बटालियन की यह पहल इसी दिशा में एक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। एक ओर युवाओं को पुलिस भर्ती के लिए तैयार किया जा रहा है, तो दूसरी ओर उन्हें रोजगारमूलक कौशल से जोड़ने की योजना भी बनाई गई है। इस पहल की वास्तविक सफलता प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित संचालन, अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी और प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ने पर निर्भर करेगी। अब उम्मीद यही है कि क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए दूर शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्हें अपने ही इलाके में सीखने, आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के पर्याप्त अवसर मिलें। जंगलों में कायम होती शांति के बीच यदि युवाओं को रोजगार और बेहतर भविष्य का रास्ता मिलता है, तो यह बदलाव क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

मैनपुर राजापड़ाव...

सबूत के साथ सूचना देने वाले को 2500 रुपये का इनाम। गांव का व्यक्ति दारू पीकर लड़ाई झगड़ा, हुड़दंग और मारपीट करने पर 20 हजार रुपये जुर्माना।

40 सदस्यीय निगरानी समिति का गठन- निर्णय के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक गाँव से 5 महिला और 5 पुरुष सहित कुल 40 सदस्यों की समिति का गठन किया गया है। समिति में सभी वर्गों को समाहित किया जाएगा। यह समिति हर माह गांव वार बैठक कर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करेगी और ग्राम सभा के समक्ष फैसला रखेगी। बैठक में थाना शोभा के पुलिस अधिकारियों ने भी उपस्थित होकर नशापान से होने वाले दुष्परिणामों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी तथा ग्राम सभा के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम सभा अध्यक्ष बरनू राम नेताम, सरपंच फूलमती बाई नेताम, सरपंच प्रतिनिधि —ष्ण कुमार नेताम,सचिव अनिला नेताम, मंगलुराम नेताम,मोहिता गोटा, मोतीराम नेताम,बैशाख राम नेताम,बसीद राम मरकाम,अभिराम मरकाम सहित चारों ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

रावनाभाठा में एक...

दिनेश सेन, कौशल साहू, राजेश दास, भूपेश साहू, प्रेमन साहू, बजरंग सोरी, डगेश्वर साहू, उगेश्वर साहू, बोधीराम, नेपाल यादव एवं हेमसिंग ध्रुव ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास और रामधुनी मंडलों की भक्तिमय प्रस्तुतियों से आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन ग्रामीण अंचलों में धार्मिक आस्था, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

केंद्री में बेटे ने...

देर बाद परिजनों व आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी।

ग्राम केंद्री के सरपंच ने रात करीब 11:30 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर डोमेश साहू से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू सहित अन्य साक्ष्य जब्त किए हैं। मामले में विवेचना जारी है तथा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

117 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने भरे फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



जिला निर्वाचन अधिकारी,गरियाबंद के आदेश क्र. 193 दिनांक 08.10.2026 के परिपालन में महाविद्यालय निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने, प्रतिस्थापन, संशोधन एवं दिव्यांगजन पहचान हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.समीक्षा चंद्राकर के निर्देशन एवं स्वीप नोडल प्रो.तीरथ राम कपूर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। प्रो.तीरथ राम कपूर ने मतदाता साक्षरता क्लब के उद्देश्य एवं गठन पर प्रकाश डालते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु फार्म-06 के लिए आवश्यक दस्तावेज यथा जन्मतिथि हेतु कक्षा 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति दो पासपोर्ट फोटो, आधार की छायाप्रति तथा माता अथवा पिता के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति जमा करने निर्देशित किया गया। शासन द्वारा अधिकृत बूथ लेवल अधिकारी मालती कश्यप एवं वंदना साहू ने छात्र- छात्राओं को फार्म-06 प्रदान किया एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा लिया। इस विशेष शिविर के माध्यम से महाविद्यालय 117 छात्र-छात्राओं ने फार्म-06 लेकर निर्वाचन नामावली में पंजीयन हेतु आवेदन किया।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ.देवादास बंजारे ने मताधिकार के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए विकसित भारत के स्वप्न को पूर्ण करने हेतु निष्पक्ष एवं अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इस अभियान में स्वीप एम्बेसडर्स, स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में महाविद्यालय के 346 छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया एवं मतदाता जागरूकता का समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ रितेश गोलछा, कमलेश्वर प्रसाद निषाद, डॉ. अलका कौशिक, मो.इम्तियाज सिद्दीकी, बलराम नागवंशी, पूजा ब्रम्हभट्ट, नेहा साहू, उर्वशी चंद्राकर , देवश्री कुर्रे, डॉ.मोहन सिंह, ममता देवांगन, सतप्रीत सिंह, अंजलि देवांगन, डॉ. रूबीना, दविन्दर कौर, शबनम बानो डॉ. भुलेश्वरी साहू, मनीष साहू, हीरा सिंह, परमानंद यादव, कोमल राम, पवेन्द्र कुमार, तेजराम, प्रतिभा निषाद, अगेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, माताजी मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

शोक-पत्र
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
" जिन्होंने जीवन भर दिया स्नेह, संस्कार और साथ,
उनकी स्मृति सदैव रहेगी हमारे हृदय के पास।"
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे आदरणीय पति, पिता एवं भाई
श्री तुलसीराम यदु
(यादव ठेठवार महासभा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सरपंच)
का स्वर्गवास दिनांक 02/10/2026 (दिन शुक्रवार) को हो गया है।
अतः इस दुख की बेला पर आप पधारकर दिवंगत आत्मा को
शांति एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।
स्व.श्री तुलसीराम यदु
जन्म - 11/07/1959 | निधन - 02/10/2026
कार्यक्रम
दशगात्रः 11/10/2026, दिन-रविवार
स्थान : रावड़ (राजिम), तालाब कार्यक्रम - दोपहर 12 बजे
समस्त शोकाकुल परिवार एवं ग्रामीण जन
बेनीराम, पुरुषोत्तम, व्यासनारायण, अशोक, प्रदीप, अजय, संतोष, सुरेंद्र, निखिल, युवराज, बसंत, जया, संदीप, हिरेन्द्र एवं समस्त परिवार ।
विनीत/शोकाकुल परिवार :
श्रीमती शकुंतला यदु (पत्नि), श्री जगदीश यदु (भाई)
धनेन्द्र यदु, रमेन्द्र यदु (पुत्र) मो.: 7987748374
नोट- जिस सज्जन को यदि आमंत्रण नहीं मिला हो तो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करने की कृपा करेंगे।

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

02 मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं बनाकर सालिकराम...



04 जतमई धाम को प्लास्टिक मुक्त बनाने विधायक...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

छात्रा को थप्पड़ मारने की जांच में स्कूल पहुंची शिक्षा विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

चाइल्ड हेल्पलाइन ने की पड़ताल, छात्रा, पिता और ग्रामीणों के बयान दर्ज

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी स्थित प्राथमिक शाला में गणित का सवाल हल नहीं कर पाने पर आठ वर्षीय छात्रा की पिटाई के मामले में जांच तेज हो गई है। दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति विद्यालय पहुंची और मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल की। जांच के दौरान पीड़ित छात्रा, उसके पिता और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए। वहीं, चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। प्रारंभिक जांच में शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा छात्रा के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आने की जानकारी दी गई है।

खबर का असर



जांच समिति ने विद्यालय पहुंचकर लिए बयान

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने प्राथमिक शाला भेंडरी पहुंचकर घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई। समिति के सदस्यों ने पीड़ित छात्रा, उसके पिता और ग्रामीणों से अलग-अलग बयान लिए। जांच के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी विद्यालय परिसर में मौजूद रहे। ग्रामीणों और परिजनों के बयानों के आधार पर घटना की परिस्थितियों को समझने का प्रयास किया गया। जांच समिति ने मामले के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जानकारी एकत्र की।



शिक्षक ने पहले ही स्वीकार की थी गलती

मामले में संबंधित शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने पहले ही छात्रा को थप्पड़ मारने की बात स्वीकार करते हुए अपनी गलती मानी थी। शिक्षक के अनुसार, उन्होंने छात्रा से गणित का सवाल पूछा था। बार-बार समझाने के बावजूद जब छात्रा सवाल हल नहीं कर पाई तो गुस्से में उन्होंने उसे एक-दो थप्पड़ मार दिए। शिक्षक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी थी और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होने का आश्वासन दिया था। हालांकि, ⏭शेष पेज 2 पर

कभी गूंजती थी बंदूक की गोलियों की गड़गड़ाहट अब हुनर से संवर रहा है मैनपुर का वनांचल क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

कभी गोलियों और बारूद की गड़गड़ाहट से गूंजने वाला गरियाबंद जिले का मैनपुर वनांचल क्षेत्र अब बदलाव की एक नई इबारत लिख रहा है कभी नक्सल प्रभावित रहा यह क्षेत्र अब नक्सल मुक्त घोषित हो चुका है, और यहां के युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) आगे आया है। वर्तमान में सीआरपीएफ के जवानों द्वारा यहां के स्थानीय युवाओं और युवतियों को बेहतर रोजगार के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने पैरों पर खड़े होकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

खास खबर

खास बातें

- नक्सल मुक्त होने के बाद गरियाबंद के मैनपुर क्षेत्र की बदलने लगी तस्वीर
- युवाओ के लिए उम्मीद की नई किरण बनी सीआरपीएफ की पहल
- सीआरपीएफ द्वारा दिया जा रहा आत्मनिर्भरता की ट्रेनिंग





सुबह मैदान में अभ्यास, फिर कक्षा में पढ़ाई

सीआरपीएफ के जवान युवाओं को पुलिस भर्ती की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप तैयारी कराने में जुटे हैं मैनपुर के वनांचल स्थित जुगाड़ और इंदागांव क्षेत्र में संचालित इस प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता बढ़ाने के साथ लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जा रही है प्रशिक्षण का कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू होता है। शुरुआती दो घंटे शारीरिक अभ्यास के लिए निर्धारित हैं। इसके बाद नाश्ते और थोड़े विश्राम का समय दिया जाता है।

बंदूकों की गूंज के बीच अब हुनर और उम्मीद की आवाजें इस इलाके की नई पहचान बन रही हैं।

घोर नक्सल गढ़ के नाम से पहचाने जाने वाला गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में अब युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने की कोशिशें हो रही हैं। सुरक्षा और शांति के साथ क्षेत्र के नौजवानों को रोजगार से जोड़ने की पहल भी शुरू हो गई है सीआरपीएफ की 211वीं बटालियन स्थानीय युवक–युवतियों को पुलिस भतएं के लिए तैयार करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केवल सरकारी नौकरी की तैयारी तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे हुनर से भी जोड़ना है, जिनके सहारे वे अपने गांव और क्षेत्र में रहकर रोजगार के अवसर तलाश सकें। पुलिस भतएँ की तैयारी के लिए शारीरिक अभ्यास और लिखित परीक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न ⏭शेष पेज 2 पर

मैनपुर राजापड़ाव क्षेत्र के चार गांव में शराब बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



■ ग्राम सभा बैठक में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

गरियाबंद जिला के विकासखंड मैनपुर अंतर्गत राजापडाव़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत अड़गडी के सभा भवन में चार ग्राम जरहीडीह, कोसुममुडा, अड़गड़ी और पेंड्रा के ग्राम सभा सदस्यों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष बरनूराम नेताम ने की। बैठक का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और माटी महतारी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्राम सभा सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। बैठक का मुख्य एजेंडा गांव में बढ़ते नशापान के कारण हो रहे लड़ाई झगड़ा और मारपीट पर रोक लगाकर शांतिमय एवं सभ्य समाज की स्थापना करना था।

■ बनाने वाले पर 10 हजार और पीकर लड़ने वाले पर 20 हजार रुपए का जुर्माना

ग्राम सभा ने पेशा कानून के तहत लिए बड़े फैसले- ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हमारा क्षेत्र पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है नशाबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए ग्राम सभा ने दंड का प्रावधान रखा है। गांव में हाथ भट्टी दारू बनाते पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये जुर्माना। पुख्ता ⏭शेष पेज 2 पर

रावनाभाठा में एक दिवसीय राम नाम सप्ताह का आयोजन

रसेला। ग्राम रावनाभाठा में एक दिवसीय राम नाम सप्ताह का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता रही। आयोजन के दौरान विभिन्न गांवों से पहुंचे रामधुनी मंडलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। रामधुनी मंडलों की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही और पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में जय मां शीतला महिला रामधुनी मंडली फुलझर-घटारानी, जय महामाया बालिका रामधुनी मंडली मेडकीडबरी, महिला रामधुनी मंडली जामली, जय मां निरई रंगधारा मंडली रवेली तथा राम के दीवाना रामधुनी मंडली कामराज ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इन मंडलों ने रामभक्ति से जुड़े भजनों और रामधुनी के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत की सरपंच राजकुमारी ध्रुव, उपसरपंच रेखचंद साहू, पंच तुलेश साहू एवं भगवानी ध्रुव सहित ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इसके अलावा कुंजे दीवान, मुरलीधर साहू, लीलाधर साहू, त्रिवेंद साहू, नंदकुमार साहू, ⏭शेष पेज 2 पर



केंद्री में बेटे ने चाकू मारकर की पिता की हत्या

अभनपुर। ग्राम केंद्री में पारिवारिक विवाद के दौरान एक बेटे द्वारा अपने पिता की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पुत्र डोमेश साहू उम्र 22 वर्ष को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घटना के बाद साक्ष्य छिपाने और हत्या को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास भी किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे ग्राम केंद्री निवासी डोमार साहू उम्र 48 वर्ष शराब के नशे में अपनी पत्नी दुलेश्वरी साहू से विवाद कर रहा था। इसी दौरान घर पहुंचे बेटे डोमेश का भी विवाद में हस्तक्षेप हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतक द्वारा पत्नी और बेटे के संबंध में आपत्तिजनक आरोप लगाए जाने से आक्रोशित होकर डोमेश ने रसोई में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से पिता के गले पर वार कर दिया। बचाव के दौरान मृतक की दाहिनी कलाई पर भी चोट आई। इसके बाद गले पर किए गए कई वार से उसकी मौत हो गई। घटना के समय मृतक की पत्नी मौके पर मौजूद थी।



■ सबूत मिटाने का प्रयास नाकाम

हत्या को आत्महत्या दिखाने की रची साजिश- घटना के बाद आरोपी ने कथित तौर पर वारदात के समय पहने कपड़ों को मोटरसाइकिल से जाकर पीछे स्थित बड़े नहर-नाले में फेंक दिया। इसके बाद घर लौटकर पिता की मौत को आत्महत्या बताने का प्रयास किया और काफी ⏭शेष पेज 2 पर



खबर संक्षेप

मतदाता पंजीकरण शिविर में 9 विद्यार्थियों का चिन्हांकन



मुड़ागांव (कोरासी)। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में 9 अक्टूबर को भावी मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान विद्यालय के 9 विद्यार्थियों का भावी मतदाता के रूप में पंजीयन के लिए चिन्हांकन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, मताधिकार के महत्व तथा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही पात्रता पूरी करने वाले विद्यार्थियों को समय पर पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया गया।
कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक धर्मराज साहू, कुशकुमार दीवान, डी.एस. दीवान, चेतना चंद्राकर सहित ग्राम पंचायत के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने भावी मतदाताओं के चिन्हांकन एवं पंजीयन प्रक्रिया में सहयोग किया।

निर्माणाधीन मकान तोड़ने मारपीट के मामले में 14 लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज

महासमुंद। ग्राम भठोरी में निर्माणधीन मकान तोड़कर एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में 14 लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भठोरी निवासी मनोज कुमार यादव पिता वंशराज यादव के निर्माणाधीन मकान तोड़ने, गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में विजयलाल, सियाराम पटेल, लालू पटेल, प्रमोद पटेल, विनोद पटेल, सुरेश पटेल, उदेलाल पटेल, बसंत पटेल, सुलोचना पटेल, सागर बाई पटेल, अंजन मोती पटेल, काजल पटेल, बुधियारीन बाई, देवसिंग एवं अन्य साथीगण के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296, 324(2) बीएनएस दर्ज किया गया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसे छग शासन से ग्राम भठोरी, रा.नि.मं. भूकेल, तह- बसना, जिला महासमुंद स्थित भूमि ख.नं. 313/2 रकबा 411.53 वर्ग मीटर भूमि भूमि स्वामित्व हक में प्राप्त हुआ है, जिसका शासन से पट्टा भी प्राप्त हुआ है। उक्त वर्णित शासन से प्राप्त भूमिस्वामित्व हक की भूमि पर उसके द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा था। 28/09/2026 को लगभग 10 बजे आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एकराय होकर उसके स्वामित्व के भूमि पर बलात प्रवेश कर उसके साथ गाली गलौच करते हुए निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया।

आदिवासी संस्कृति और परंपरा के साथ नवरात्र व 'देव दशहरा' की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड तहसील मुख्यालय नगर सहित क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल है मैनपुर नगर में एक मात्र स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे 9 दिनो तक माता सेवा किया जाता है। वही क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़, बिन्द्रानवागढ़ एवं कांदाडोंगर मे आदिवासी परंपरा, संस्कृति और लोक आस्था के साथ पर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। क्षेत्र के प्रमुख और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाटीगढ़ तथा कांदाडोंगर एवं बिन्द्रानवागढ़ में नवरात्र के पावन अवसर पर

नवरात्र पर्व को लेकर तैयारी पूर्ण, कलश स्थापना के साथ गूंजेंगे माता के जयकारे



घट स्थापना के साथ नवरात्रि प्रारंभ

यहां आदिवासी पुजारियों (सिरहा, बैगा और गुनिया) की अगुवाई में विशेष अनुष्ठान संपन्न होते हैं। साम्प्रदायिक सद्भाव और जनसैलाब इन आयोजनों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों के साथ–साथ पड़ोसी राज्यों से भी आदिवासी समाज के लोग और श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे यहां की संस्कृति और मेल–मिलाप का एक सुंदर दृश्य देखने को मिलता है। ग्रामीणों और समिति के सदस्यों द्वारा साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मैनपुर क्षेत्र में यह पर्व आदिवासी अस्मिता, लोक आस्था और भाईचारे का एक अनूठा संदेश लेकर आ रहा है। मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया आज रविवार से घट स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ हो रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारिया कर ली गई है और यहां नवरात्र का पर्व यहां परंपरा अनुसार धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

विशेष रूप से देव दशहरा (आदिवासी परंपरा के अनुसार देवी–देवताओं की आराधना और मिलन का पर्व) का आयोजन किया जाता है। इन स्थलों पर आदिवासी समाज की प्राचीन परंपराओं, पारंपरिक वाद्ययंत्रें की गूंज और विशेष अनुष्ठानों के साथ पर्व मनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। आदिवासी संस्कृति का अनूठा संगम क्षेत्र मे देखने को मिलता है मैनपुर अंचल में नवरात्र का पर्व केवल मां दुर्गा की आराधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, पूर्वजों और क्षेत्रीय देवी–देवताओं (अंगा देव, मातागुड़ी) की पूजा–अर्चना का भी बड़ा केंद्र है यहां के दुर्गम व संस्कृति सुंदरता पहाड़ पर्वत जंगलो से परिपूर्ण स्थलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु जुटते हैं।

अभियान : सेवा मेरा योगदान के तहत पौधारोपण और स्वच्छता अभियान

जतमई धाम को प्लास्टिक मुक्त बनाने विधायक कलेक्टर सहित नागरिकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेवा मेरा योगदान के तहत शनिवार को जतमई माता मंदिर परिसर में पौधारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। गरियाबंद वनमंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर और वनमंडलाधिकारी मयंक पांडे सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सहभागिता निभाई। अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और हाथों में झाड़ लेकर मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की। सभी ने कचरा एकत्र कर धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया, जबकि कलेक्टर रणबीर शर्मा ने वटवृक्ष का पौधा रोपण किया। अन्य अतिथियों ने भी पौधारोपण कर हरित वातावरण विकसित करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के बाद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने हाथों में झाड़ लेकर मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई की। इस दौरान कचरे को एकत्र किया गया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के माध्यम से पौधारोपण, जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जतमई माता मंदिर में दर्शन कर जिले की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, वन सभापति युवराज साहू, टीकम चंद साहू, नागेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या

- विधायक रोहित साहू ने लगाया रुद्राक्ष तो कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रोपा वटवृक्ष

स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त जतमई का संकल्प



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। पौरोपण एवं सामूहिक श्रमदान के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें, प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करें और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा में योगदान दें। 'सेवा मेरा योगदान' की भावना के अनुरूप यह पहल स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल जतमई धाम के निर्माण की दिशा में जनभागीदारी का संदेश लेकर सामने आई। कुलेश्वर सोनवानी जनपद उपाध्यक्ष छुरा, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, महेन्द्र कुमार ध्रुव जनपद सदस्य, मानसिंग निषाद, हेमंत सिन्हा मंडल अध्यक्ष खड़मा, जीत सिंह,करण कुमार ध्रुव सरपंच गायडबरी एवं जतमईगढ़ समिति अध्यक्ष, पालेन्द्र साहू महामंत्री जिला गरियाबंद, दुलारी साहू जनपद सदस्य, राकेश चौबे एसडीओ गरियाबंद, विशाल कुमार महाराणा एसडीएम छुरा, सतीश चंद्रवंशी सीईओ जनपद पंचायत छुरा, सन्तोष चौहान वन परिक्षेत्र पांडुका, छुरा,फिंगेश्वर, परसुली, गरियाबंद के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ

विकसित भारत के सपने को साकार करने में जनभागीदारी जरूरी : विधायक

विधायक रोहित साहू ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जतमई धाम में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया है।

प्लास्टिक मुक्त जतमई के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : कलेक्टर

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि जतमई माता मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर और आसपास के वन क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती है। इसका लंबे समय तक नष्ट नहीं होना और छोटे कणों के रूप में पर्यावरण एवं खाद्य पदार्थों तक पहुंचना चिंता का विषय है।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष महत्व

छुईहा-बेलर। सनातन संस्कृति में नवरात्रि पर्व को आदिशक्ति मां दुर्गा की साधना, उपासना और आराधना का विशेष कालखंड माना गया है। यह पर्व आध्यात्मिक चेतना के जागरण, आत्मशुद्धि, संयम और स का रा त्म क ऊर्जा के संचार का संदेश देता है। देवी उपासना की परंपरा में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु व्रत-उपवास, पूजा-अर्चना, जप-तप और साधना के माध्यम से मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करते हैं।



क्षेत्र में धसकुंड पहाड़ी पर विराजित घटारानी माता का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। अपनी प्रचलित किंवदंतियों और श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के कारण यह शक्तिपीठ क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। नवरात्रि पर सार्वजनिक स्थलों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना जिसमें ग्राम चरौदा की नौ विराट स्वरूप का दर्शन होना, मंदिरों एवं देवालयों में विशेष पूजा-अर्चना तथा घरों में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने की परंपरा निभाई जा रही है।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मनोविज्ञान विभाग ने आयोजित किया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मिथक एवं तथ्य की पहचान, प्रश्न एवं सुझाव साझा करना, अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को लिखना तथा आभार व्यक्त करने जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी भावनाओं को समझने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा जीवन की छोटी-छोटी खुशियों और उपलब्धियों को महत्त्व देने के लिए प्रेरित किया गया। मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक साक्षी मेश्राम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। कहा कि जीवन में छोटी-छोटी उपलब्धियों को स्वीकार करना और दूसरों के प्रति आभार व्यक्त करना सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र विकास का एक महत्त्वपूर्ण आधार है।

- तनाव मुक्त जीवन और सकारात्मक सोच के लिए मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक : डॉ. मधुरानी शुक्ला





वर्तमान समय में विद्यार्थियों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के जीवन में तनाव, चिंता और भावनात्मक चुनौतियाँ देखने को मिलती हैं। अपनी भावनाओं को समझना, छोटी-छोटी उपलब्धियों पर स्वयं को प्रोत्साहित करना, जीवन में प्राप्त सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करना तथा आवश्यकता पड़ने पर दूसरों से सहायता लेना मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों में संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी उपलब्धियों, अनुभवों, प्रश्नों एवं सुझावों को साझा किया। इन गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सकारात्मक वातावरण निर्मित करने तथा एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम काबरा द्वारा दी गई।

जतमई मंदिर प्रांगण में चला सफाई अभियान

जतमई मंदिर में खुलेगी जल्द पुलिस चौकी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत जतमई माता मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण एवं प्ला स्टि क मुक्त-स फाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन परिक्षेत्र पाण्डुका अंतर्गत यह आयोजन जतमई मंदिर में किया गया। कार्यक्रम शनिवार को सुबह 8 बजे जतमई माता मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भी जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जतमई क्षेत्र को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। गरियाबंद वनमंडल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कार्यक्रम के माध्यम से एक एक पेड़ जरूर लगाने का आह्वान किया। वही मंच पर कलेक्टर डीएफओ जिला सीईओ भी मौजूद रहे साथ ही ग्राम पंचायत संचालन समिति जतमई द्वारा विधायक रोहित साहू को मांग पत्र दिया गया जिस पर विधायक ने संचालन समिति की मांग को जिसमे जतमई धाम में नवीन पुलिस चौकी का निर्माण एवं समरसता भवन के लिए पूर्व में किए गए घोषणा पूर्ण बताया जिस पर जतमई संचालन सेवा समिति एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया। साथ ही साफ सफाई और पौधारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जन प्रतिनिधि मीडिया वन कर्मचारी मौजूद रहे।

- जतमई धाम को स्वच्छ व हरित बनाने का संदेश





प्रदेश के सभी संभागों में होगी संगीत महाविद्यालय स्थापना : मंत्री वर्मा

अभनपुर। लोककला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवा रायपुर में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद के सदस्य देवराज जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी संभागों में संगीत महाविद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य है, ताकि स्थानीय कला-संस्कृति को प्रोत्साहन और विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों को अपनाकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने महाविद्यालय के लिए नवीन भवन उपलब्ध कराने का प्रयास करने की बात कही। संस्था प्रमुख जीपी यदु ने संगीत महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव सेक्टर-28 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए दोनों महाविद्यालयों के अधोसंरचना विकास के लिए 15-15 लाख रुपये, सभागार निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये तथा बाउंड्रीवाल के लिए 74 लाख रुपये स्वीकृत करने की मांग रखी।











